nt>

Title: Demand of CBI inquiry on kidnapping of Shri Chandra Hans Pandey employed with Works Manager Ordnance Factory, Distt. Bolangir, Orissa. since 9.2.98.

श्री लाल बिहारी तिवारी : सभापति महोदय, श्री चन्द्र हास पांडेय सुपुत्र श्री राम नरेश पांडेय जो वर्कस मैनेजर आर्डीनेंस फैक्ट्री बडंमाल, जिला बोलांगार (उडींसी) में कार्यरत है । दिनांक ९-२-९८ से लापता है। उनके पिता श्री राम नरेश पांडेय ने दिनांक १८-३-९८ को किडनैपिग की रिपोर्ट क्षेत्रीय थाने में लिखाई है। इन दिनों यह मामला क्राइम ब्राच के पास जांच के लिए गया है, परन्तु आज तक चन्द्रहास पांडेय को खोजने में पुलिस नाकामयाब रही है । मैंने इससे पहले भी गृह मंत्री श्री लाल कृष्ण आडवानी जी से इस केस की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की थी, परन्तु अभी तक इसका कोई निष्कर्ष नही निकला है । अतः आपके माध्यम से यह मांग करता हूँ कि इस की सी.बी.आई से कराई जाए ।